## एक नजर

### एक दिवाली, शेयरिंग वाली पहल से बच्चो के चेहरे खिले

**नर्मदापुरम** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं सीईओ श्री हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में डीपीसी डॉक्टर राजेश जायसवाल ने शासकीय स्कूलों के बच्चों के लिए एक दिवाली, शेयरिंग वाली पहल को इस वर्ष भी क्रियान्वित किया। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं जो अपेक्षाकृत कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित होते हैं, उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ धूमधाम से दीपावली का त्योहार स्कूलों में मनाया। शिक्षक गण एवं अन्य सदस्य रंगोली, फुलझड़ी, पटाखे, मिठाई लेकर स्कूल में पहुंचे। बच्चों ने स्कूल के आंगन को सुंदर रंगोलियों एवं दीपक से सजाया और शिक्षकों के साथ पटाखे फुलझड़ी चलाएं। शिक्षकों ने सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। त्योहारों का उत्साह सामूहिक रूप से मनाने के साथ-साथ शेयरिंग और केयरिंग की भावना को बढ़ाने वाले इस आयोजन में सभी ने उत्साह पूर्व भाग लिया।

# माचक नदी पर बन रहा करोड़ों का पुल ढहा

## किसी तरह मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला, तीन मजदूर घायल

**नवभारत न्यूज**
**सिराली, 18 अक्टूबर** जिले के ग्राम मगरदा में शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब माचक नदी पर बन रहा करोड़ों रुपए की लागत का पुल निर्माण कार्य के दौरान एक हिस्सा धराशायी हो गया। इस हादसे में तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल हरदा भेजा गया।

घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल का एक हिस्सा अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। उस समय कुछ मजदूर नीचे निर्माण सामग्री व्यवस्थित करने का काम कर रहे थे, जो मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे का कारण



निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री का उपयोग है। उनका आरोप है कि पुल निर्माण में काली रेत और कमजोर सीमेंट का इस्तेमाल किया गया, जिसकी शिकायत पहले भी कई बार की गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार ने कोई ध्यान नहीं दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, राजस्व और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और राहत-बचाव कार्य की स्थिति का जायजा लिया। पुल का निर्माण कार्य एक निजी ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था, जिसकी लागत लगभग कई करोड़ रुपए बताई जा रही है।

यह पुल मगरदा और आसपास के गांवों के बीच संपर्क को आसान बनाने के लिए बनवाया जा रहा था, ताकि ग्रामीणों को नदी पार करने में सुविधा हो सके। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में शुरू से ही गुणवत्ता को नजरअंदाज किया गया था। अगर समय पर जांच कर ली जाती तो आज यह हादसा नहीं होता, एक ग्रामीण ने कहा। वहीं, प्रशासन ने पूरे मामले की तकनीकी जांच के आदेश दे दिए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि पुल गिरने की असली वजह क्या थी—तकनीकी खामी, लापरवाही या खराब सामग्री का उपयोग। फिलहाल घटनास्थल को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है और मलबा हटाने का कार्य जारी है। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों को उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मगरदा जैसे छोटे गांव में हुए इस बड़े हादसे ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण अब जांच रिपोर्ट और कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## भाई और भतीजा हड़पना चाहते हैं 15 एकड़ जमीन

**बनखेड़ी।** ग्राम नयागांव में जमीन विवाद को लेकर एक वृद्ध व्यक्ति और उसके नाती को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है।

नयागांव निवासी 76 वर्षीय नन्हेलाल किरार ने स्थानीय थाने और पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम को लिखित शिकायत दी है। आवेदक नन्हेलाल किरार के कोई पुत्र नहीं है, और उनकी देखरेख के लिए बड़ी बेटी का बेटा विनय उर्फ दिव्यांश उनके साथ रहता है। नन्हेलाल के बड़े भाई विजयसिंह किरार और उनके बेटे खुमानसिंह को यह पसंद नहीं है, और वे नन्हेलाल की जमीन हड़पना चाहते हैं, जिसके कारण वे लगातार वाद-विवाद करते आ रहे हैं। करीब 10 दिन पहले विजयसिंह और खुमानसिंह को नयागांव में लोगों से यह कहते हुए सुना गया था कि हम नन्हेलाल व विनय का एक्सीडेंट करवाकर उन्हें जान से खत्म कर देंगे, लगभग 6 दिन पहले खुमानसिंह ने फोन पर विनय उर्फ दिव्यांश से गांव में स्थित बाड़ा छोड़ने को कहा।

# नपा ने आरटीआई एक्टिविस्ट के विरुद्ध थाने में की शिकायत




**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 18 अक्टूबर 2025**
नगरपालिका प्रशासन विकास के काम करने में तो अपनी महती भूमिका निभा रहा है वहीं उसके खिलाफ शिकायत करने वालों के खिलाफ कार्यवाही से लेकर पुलिस शिकायत करने में भी पीछे नहीं हट रहा. पिछले दिनों भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद महेश आर्य के मकान की नापजोख के दौरान बता दिया गया कि नपा प्रशासन कहीं भी कमजोर नहीं है. ऐसा ही मामला नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल चौधरी के विरूद्ध स्थानीय थाने में एक आवेदन देकर लिखा गया है कि श्री चौधरी के पास जो दस्तावेज उपलब्ध है वह कहां से और कैसे मिले हैं वे दस्तावेज नपा प्रशासन की छवि को धूमिल कर सकता है. इसलिये थाने में आवेदन देकर प्रशासन ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कहीं है.

**इनका कहना है कि**
हमें 16 अक्टूबर को नगर पालिका द्वारा एक आवेदन दिया गया है जिसमें अनिल चोधरी के विरूद्ध शिकायत की गई है. हम जांच कर शीघ्र ही कार्यवाही करेंगे.
**गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी**

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने खोवा एवं दुग्ध उत्पाद के सेंपल लिए



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 18 अक्टूबर** कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी इटारसी नीलेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मिठाई खोवा एवं अन्य दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं की जांच हेतु निरीक्षण किए गए। मिष्ठान केन्द्रों के निर्माण स्थल में निरीक्षण किया एवं ब्रेड, कुंद बर्फी, केसर बर्फी, कलाकंद एवं श्री भोग मिठाइयों के नमूने एकत्र किए। इसके अतिरिक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला से 22 नमूनों की स्पॉट पर ही जांच की गई।सभी व्यावसायियों को साफ सफाई के निर्देश दिए । संग्रहित नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध न्यायालय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मावे मिठाईयां आदि खाद्य पदार्थों के निर्माण परिवहन एवं भंडारण पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। कार्यवाही में तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुबेर काजी एवं अन्य राजस्व अमला उपस्थित रहा।

## माखननगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगा

**नर्मदापुरम** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें गर्भवती महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य जांच, मातृ वार्ड में धात्री महिलाओं से स्वास्थ्य चर्चा,58 लोगों की स्क्रीनिंग, आत्महत्या रोकथाम हेतु एएनएम को गेटकीपर बनाया गया.

# जुआरियों पर पुलिस का दीवाली एक्शन –17 जुआरी गिरफ्तार

## लाखों के दांव में कुछ हजार की जब्ती पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी।** दिवाली के नजदीक आते ही क्षेत्र में जुए की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए बनखेड़ी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

पुलिस ने थाना क्षेत्र बनखेड़ी के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर कुल 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से करीब 8,500 रुपए नगद राशि तथा ताश के पत्ते जब्त किए हैं। मामला ग्राम अन्हाई का है जहां शुक्रवार रात पुलिस टीम ने एसआई मनमोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी, जिसमें 12 जुआरी रंगे हाथ पकड़े गए। पुलिस ने जुआरियों के पास से 6,000 रुपए नगद राशि और ताश के पत्ते जब्त किए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चैन सिंह , राहुल , दिनेश चौधरी, सचिन ढ़िमोले, गुड्डन कहार, राजेश , अशोक, लखन, अभिषेक, गंगाराम और वीरेंद्र अहिरवार सहित अन्य शामिल हैं। सूत्रों के हवाले से यह भी बताया गया है कि अन्हाई में देर रात तक चार अलग-अलग जुआं फड़ों पर लाखों के दांव खेले जा रहे थे, और मौके पर 25 - 30 से अधिक जुआरी मौजूद थे। विशेष सूत्रों के मुताबिक कुछ जुआरियों को बचाने के लिए पुलिस कार्रवाई में लेन-देन की चर्चाएं भी हैं। वहीं दूसरे मामले में शनिवार को पुलिस ने माल्हनवाड़ा में पानी टंकी के पास खाली मैदान में दबिश देकर पांच जुआरियों को पकड़ा। यहाँ से 2,480 रुपए नगद और ताश के पत्ते बरामद किए।

## व्यापारी ने लौटाए किसान के गुम पचास हजार

**सिराली।** कृषि उपज मंडी सिराली में शुक्रवार को एक मिसाल पेश करते हुए महेश्वरी मार्केटिंग के व्यापारियों ने किसान के गुम हुए 50 हजार रुपये लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बासपानी के कृषक जागेश्वर अपनी सोयाबीन की फसल ट्रैक्टर-ट्राली में लेकर मंडी पहुंचे थे। उन्होंने महेश्वरी मार्केटिंग के व्यापारी को 18 कुंटल 32 किलो सोयाबीन 3799 रुपये प्रति कुंटल के भाव से बेची, जिसकी कुल राशि 69 हजार 597 रुपये हुई। व्यापारी द्वारा पूरी राशि नगद में किसान को दी गई। कृषक ने रकम में से 19 हजार 597 रुपये अपने पास रख लिए, जबकि शेष 50 हजार रुपये अनजाने में दुकान पर ही गिर गए। घर पहुंचने पर जब किसान को राशि कम लगी तो उन्होंने लगभग दो घंटे बाद व्यापारी से संपर्क किया। उस समय दुकान पर बिजली नहीं थी, इसलिए व्यापारी श्याम महेश्वरी ने किसान को अगले दिन आने को कहा ताकि कैमरे की जांच की जा सके। अगली सुबह दुकान की सफाई के दौरान खाद की बोरियों के बीच 50 हजार रुपये की गड्डी मिली। व्यापारी श्याम महेश्वरी और राजू महेश्वरी ने तुरंत किसान जागेश्वर को बुलाकर पूरी राशि लौटाई। व्यापारी की ईमानदारी और नेकदिली की इस घटना की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। कृषकों ने महेश्वरी मार्केटिंग के दोनों व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे ईमानदार व्यापारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## मुस्लिम परिषद ने किया एसपी का स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम** जिले की कमान संभालने के बाद पुलिस कप्तान जिला नर्मदापुरम साईं कृष्णा एस थोटा का मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने जिला अध्यक्ष अथर ख़ान एवं जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ एवं माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष असलम भारती, एडवोकेट अनस बेग,रेहान मिर्जा, सोहेल खान, एवं अन्य मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के साथी एवं सदस्य मौजूद रहे।परिषद के जिला अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चलाए जा रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान के बारे में चर्चा कर जानकारी ली।वहीं जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह ने यातायात जागरूकता को लेकर मुस्लिम समाज की भी सहभागिता पर चर्चा की।नगर अध्यक्ष नर्मदापुरम असलम भारती ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि आपको देखकर ऊर्जा का संचार होता है.

## धन्वंतरि जयंती पर पूजन एवं संकल्प कार्यक्रम

**नर्मदापुरम** धन्वंतरि जयंती के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय नर्मदापुरम में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. कारोंजिया द्वारा भगवान धन्वंतरि की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने नपाध्यक्ष ने खरीदा स्वदेशी सामान

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल और स्वदेशी दीपावली मनाने के आह्वान को सार्थक बनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को गांधी मैदान स्थित दीपावली बाजार में सपत्नीक पहुंचकर दीपावली पर्व के लिए स्वदेशी सामग्री खरीदी। उन्होंने स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों से मिट्टी के दीये, दुबलिया, लक्ष्मी जी की प्रतिमा, गोबर से बने स्वास्तिक व ओम चिन्ह, बतासे, झाड़ू और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि हमारे स्वदेशी कौशल और परंपराओं को सम्मान देने का अवसर भी है।

# जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन सतर्क

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/18,अक्टूबर,2025** / दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागों में कार्यपालिक दंडाधिकारियों द्वारा पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। पर्व एवं आयोजनों के दौरान लगने वाले बाजारों एवं पटाखा क्षेत्रों का निर्धारण कर दुकानों का आवंटन किया गया है, जिससे स्थानीय व्यापारी सुगमता के साथ विक्रय कार्य कर सकें। साथ ही पटाखा बाजारों में सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। त्योहारों के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य सामग्री पर भी सख्त निगरानी रखी जा रही है। खाद्य एवं मिष्ठान भंडारों से मिठाई एवं खाद्य सामग्री के नमूने लेकर उनकी नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नर्मदापुरम तहसीलदार नगर श्रीमती सरिता मालवीय एवं दल द्वारा आवासीय क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौराहे के पास अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं विक्रय किए जाने पर मौके स्थल पहुंचकर जांच की

## मिलावटी मावा एवं खाद्य सामग्री पर प्रशासन सख्त

**नर्मदापुरम** जिला प्रशासन द्वारा लगातार अमानक खाद्य सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बाहर से आने वाले मिलावटी मावे एवं मिष्ठान भंडार सेबी नियमित मिठाईयां तथा अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल एकत्रित कर उनका परीक्षण किया जा रहा है साथ ही जांच दल द्वारा वाहनों की जांच कर अन्य जिलों एवं क्षेत्र से आने वाले मिलावटी मावे की धर पकड़ भी की जा रही है।

# नपा कार्यालय में लगाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 18 अक्टूबर 2025**
नगरपालिका कार्यालय में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री अंबक पाराशर, आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, एआरआई, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, कमलेश तिवारी, संजय लुटारे, विशाल शर्मा, सतीष यादव सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने केबिन से झाड़ू लगाकर धूल साफ की गई।

कार्यालय में चलाए गए स्वच्छता अभियान का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले ने किया तथा रिकार्ड दुरुस्त रखने, पुराने रिकार्ड का उचित प्रबंधन करने और प्रतिदिन अपने आसपास स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर समूचे देश में चलाया गया स्वच्छ भारत अभियान अब आंदोलन बन चुका है। लोगों की दिनचर्या में स्वच्छता बस रही है। इसलिए हमने समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर आज नपा कार्यालय में साफ सफाई कराई। सभी ने अपने अपने बैठने के कक्षों, चैंबर्स को साफ किया। उन्होंने सभी नागरिकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर को साफ स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी भी है और हमारा कर्तव्य भी है।






## पिनेकल एकेडमी में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

हरदा - नगरी हो अयोध्या सी,रघुकुल सा घराना हो,और चरण हो राघव के, जहां मेरा ठिकाना हो के भाव के साथ पिनेकल एकेडमी में शुक्रवार को भगवान राम,सीता एवं लक्ष्मण सहित हनुमान जी के अयोध्या में प्रवेश की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।भगवान के अयोध्या में प्रवेश के अवसर पर संचालक अब्दुल सईद एवं सुल्ताना खान,प्राचार्य काजल पांडे एवं प्रियंका तोमर ने भगवान पूजन कर आरती की। इस दौरान भगवान राम जन्म , विद्या अध्ययन , विवाह , वनवास एवं रावण वध का मंचन किया गया ।इसके बाद भगवान राम सीता ने अपने भ्राता लक्ष्मण सहित अयोध्या में प्रवेश के दौरान सभी ने हर्ष व्यक्त किया।इस दौरान भगवान राम,सीता,लक्ष्मण एवं हनुमान जी के रूप में सजे विद्यार्थियों को खूब सराहना मिली।विद्यालय में मनाए गए दीपावली उत्सव के दौरान रंगोली,कार्ड मेकिंग,दिया सजाओं प्रतियोगिता हुई।

## फटाखा एवं ठेले व्यापारियों की राशि वापस की जावे : डॉ. दोगने

**हरदा** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा हरदा कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को पत्र प्रेषित कर फटाखा व्यापारियों द्वारा फटाखा दुकान हेतु जमा की गई राशि व घंटाघर क्षेत्र में ठेले पर व्यवसाय करने वाले लोगों से वसूल की गई राशि वापस किए जाने की मांग की गई। हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में लेख किया गया है कि हरदा जिले में हो रही बारिश के कारण फटाखा व्यापारियों का बड़ा नुकसान हो गया है।

बारिश के पानी में फटाखा व्यापारियों द्वारा खरीदा गया माल गीला होकर खराब हो गया है और फटाखा व्यवसाय भी पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसके कारण फटाखा व्यापारियों के सामने बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है

**सुनावणी नोटीस - वर्तमानपत्रात प्रसिध्दी नोटीस**
क्रमांक/भु.३/अपील/अपील क्र. ४३७-२४/२०२५-२६
७३९२ दिनांक १७ सप्टेंबर, २०२५

१. श्री. राजेंद्रप्रसाद बालमुकुंद शाहु रा. एम्प्रेस मिल, क्वार्टर्स नं. २, चाळ नं.१५, संत्रा मार्केट, नागपूर ४४००१८ २. श्रीमती सरोज हिरालाल शाहु रा. चित्रा चौक, चित्रा टॉकीजजवळ, पुलगांव,मु.पो. पुलगांव, तह. देवळी, जि. वर्धा, ३. श्रीमती रंजना मदनलाल शाहु रा. रामसागर पारा, कबील कलेकशन के सामने, रायपुर (छत्तीसगढ) ४. श्रीमती शोभा अशोक शाहु रा. बासपाई पारा, राजनांदगांव (छत्तीसगढ) मु.पो.तह.जि. राजनांदगांव (छत्तीसगढ),

**-विरूध्द-** १. नगर भूमापन अधिकारी क्रमांक १ नागपूर २. श्री कमलकिशोर किसनलाल शाहु, रा. चित्रा टॉकीज जवळ, स्टेट बँक समोर, होशंगाबाद, तह. जि. नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश)

**विषय :- मौजा नागपूर ता. जि. नागपूर येथील शीट नं. २३६, नगर भूमापन क्र. ३७२ या मिळकतीबाबत अपील अर्ज.**
**संदर्भ :-१/- अपीलदार यांचा दिनांक २४/०५/२०२४ रोजीचा अपील अर्ज. २/- अपीलदार यांचा दिनांक ०३/१०/२०२५ रोजीचा अपील अर्ज.**

महोदय/महोदया,
उपरोक्त विषयांकीत बाबत अपीलदार यांनी इकडील कार्यालयात अपिल अर्ज दाखल केले आहे. सदर अपील प्रकरणीं **इकडील कार्यालयात दिनांक २८/१०/२०२५ रोजी ठिक ४.१० वाजता सुनावणी ठेवण्यात आलेली आहे.** अपिलार्थी व प्रतिवादी/जाबदार यांनी वर नमुद केलेल्या तारखेस वेळेवर निश्चीत ते स्वतः/अधिवक्ता/अधिकृत प्रतिनिधी अथवा त्यांचे वारस यांनी **जिल्हा अधीक्षक भूमि अभिलेख नागपूर यांचे कार्यालय, तळमजला, खनिकर्म भवन, जिल्हाधिकारी परीसर, सिव्हील लाईन, नागपूर** येथे ओळखपत्रासह हजर राहावे. तसेच इतर आवश्यक कागदपत्रे सोबत आणावे व प्रकरणीं आपले म्हणने दाखल करावे.

उपरोक्त नियोजित तारीख व वेळेवर गैरहजर राहील्यास महाराष्ट्र जमीन महसुल अधिनियम १९६६ चे कलम २३२ (२) चे अंतर्गत संबंधित पक्षकाराचे अनुपस्थीतीत सुनावणी घेण्यात येईल. निकाल दिला जाईल.

सिल
(अभय अ. जोशी)
जिल्हा अधीक्षक भूमि अभिलेख, नागपूर

नोट :- अपील प्रकरणातील सुनावणी तारखेस प्रशासकीय कारणास्तव बदल होवु शकतो कृपया नोंद घ्यावी. संपर्क :- ०७१२-२५६२९४८
Vision4media 9767867322


